हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 जनवरी 2026

04 शव रखकर पिता ने सड़क पर काटी रात, वहीं कर...



07 कॉलोनाइजर की मंशा पर प्रशासन सख्त निजी हितों...





### रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# क्रमोन्नति वेतनमान की मांग को लेकर शिक्षक संघ ने किया धरना प्रदर्शन

### समय रहते मांग हो पुरी अन्यथा 1 फरवरी से की जावेगी अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रांतीय शिक्षक संघ द्वारा सीहोर जिले में पदस्थ नवीन शैक्षिक संवर्ग प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 12 वर्ष एवं 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने के पश्चात क्रमोन्नत वेतनमान आदेश जारी करवाने के लिये धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज उठाई। प्रांतीय शिक्षक संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं आयुक्त महोदय के नाम क्रमोन्नति वेतनमान आदेश जारी करवाने हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि क्रमोन्नति वेतनमान नियमानुसार प्राप्त होना है, परन्तु लम्बे समय से क्रमोन्नति वेतनमान का आदेश लम्बित रखा गया है, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ प्रदान किया जा चुका है। परन्तु सीहोर जिले से सौतेला व्यहार किया जा रहा है, जिसके कारण शिक्षकों में काफी निराशा व आक्रोष व्याप्त है।

शिक्षकों द्वारा सीहोर जिला मुख्यालय के नमो उपवन के सामने सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया और रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंकर शीघ्र ही क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिलाये जाने की शिक्षकों द्वारा मांग की गई है। इस मौके पर प्रांतीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और चैतावनी दी गई कि यदि समय रहते क्रमोन्नत आदेश जारी नही होता है तो आगामी दिनों में बड़ा आन्दोलन के रूप में दिनांक 1 फरवरी 2026 से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जावेगा। इस अवसर प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी महासचिव सतीष त्यागी, जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, बलराम पंवार, राजेन्द्र परमार, प्रदीप नागिया, अर्जुन सिंह, दिनेश शर्मा, अशोक पंवार, हेमंत मालवीय, दिनेश मेवाड़ा, धर्मेन्द्र ठाकुर, जयसिंह ठाकुर, बद्रीप्रसाद वर्मा, नरेश मेवाड़ा, विनोद प्रजापति, हरिप्रसाद गुर्जर, चन्दर वर्मा, जितेन्द्र सेन, सूरज पंवार, चन्द्रप्रभा व्यास, शीतल सोनी, सपना नामदेव, राजेश्वरी प्रजापति, अमित जोशी, अनिल वर्मा, राजकुमार धानक, राकेश परमार, जसपाल नागलिया, सीताराम बरखने, चेतना वर्मा, आशा पंवार, रक्षा शर्मा, बरखा राजपूत, भारती वर्मा, गायत्री परमार, दीप सिंह मालवीय, शीतल खुराना, मुकेश बैरागी, राजेश मेहरा, ब्रजेश राठौर, अलताफ खान, शफी खान, द्वारका वर्मा, दिलीप मण्डलोई, पंकज शर्मा, सौभाल ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर, गोवर्धन सिंह, के.जी.वर्मा, ओमप्रकश परमार, भरत महेश्वरी, श्याम प्रजापति, जितेन्द्र मोहनिया, मेहरवान सिंह गोयल, रामसिंह ठाकुर, कमलसिंह, जया जोशी, मोनिक रैयवार, बलराम परमार, एम.एल.विश्वकर्मा, राकेश मुकाती, त्रिलोक बागवान, सोमप्रकाश व्यास, हेमराज पोलाया, श्यामसिंह परमार, ओमप्रकाश चौहान, जितेन्द्र सिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शहर में 26 जनवरी से सात दिवसीय शिव महापुराण



**सीहोर**। देश के कोने-कोने में शिव महापुराण से सनातन धर्म को जोड़ने वाले कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा आगामी दिनों शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में 26 जनवरी से सात दिवसीय शिव महापुराण करेंगे। कथा के आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। कथा दोपहर दो बजे से और सात दिन लगातार सुबह नौ बजे रुद्र अभिषेक नियमित रूप से किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए नारी शक्ति महिला मंडल की ओर से ज्योति अग्रवाल एवं अंजू अजय अग्रवाल ने बताया कि शहर के सभी महिला मंडलों की ओर से सात दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। नारी शक्ति महिला मंडल की बैठकों का आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा। जिसमें रुद्राभिषेक, कथा और भव्य शोभा यात्रा आदि के संबंध में चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय शिव महापुराण में भगवान शिव की लीलाओं और 12 ज्योर्तिलिंगों के बारे में विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथा के पहले दिन सुबह 10 बजे शहर के बड़ा बाजार से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। इसके पश्चात कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को नियमित रूप से प्रसादी प्रदान की जाएगी।

### सीहोर में रोजगार मेला 16 जनवरी को

**सीहोर**। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जनवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जावेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 16 जनवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### तीन गांवों में बाघ-तेंदुए का आतंक

## ग्रामीण रतजगा कर खुद कर रहे सुरक्षा, वन विभाग को नहीं मिल रहे जानवर

**सीहोर**। जिले के सिराडी, निलबड और कुशलपुरा गांवों में बाघ और तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीण और किसान दहशत में हैं। लगातार वन्यजीव दिखाई देने की खबरों के बाद लोग रातभर जागकर अपने खेतों और परिवार की सुरक्षा कर रहे हैं। ग्रामीण अपनी सुरक्षा के लिए रात के समय खेतों पर आग जला रहे हैं। हाथों में डंडे लेकर पहरा दे रहे हैं और पटाखे फोड़कर बाघ और तेंदुए को भगाने की कोशिश कर रहे हैं। कई ग्रामीणों ने इन वन्यजीवों के वीडियो भी बनाए हैं।

### तीन दिन से सर्चिंग, फिर भी नहीं मिला

वन विभाग की टीम पिछले तीन दिनों से लगातार सर्चिंग कर रही है, लेकिन अब तक बाघ या तेंदुआ नजर नहीं आया है। जब भी ग्रामीणों से सूचना मिलती है, टीम मौके पर पहुंचती है, लेकिन जानवर वहां से जा चुके होते हैं।

**जिले में बड़ा वन क्षेत्र :** वन विभाग के अनुसार, सीहोर जिले में करीब 1 लाख 36 हजार हेक्टेयर में जंगल फैला हुआ है। जिले में सात रेंज और 190 बीट हैं, जबकि विभाग के पास करीब 200 कर्मचारी ही तैनात हैं। इतने बड़े क्षेत्र में निगरानी करना विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है।

**जिले में 20 बाघ और 420 तेंदुए :** वन विभाग का कहना है कि सीहोर जिले में लगभग 20 बाघ और 420 तेंदुए मौजूद हैं। इनका आबादी वाले इलाकों में आना अब चिंता का विषय बन गया है।

पिछले एक सप्ताह से अहमदपुर और इछावर क्षेत्र में लगातार बाघ और तेंदुए दिखने की सूचनाएं मिल रही हैं। कड़ाके की ठंड के बावजूद ग्रामीण और किसान रातभर खेतों में रतजगा कर रहे हैं। लोग अपनी जान जोखिम में डालकर खुद ही सुरक्षा के इंतजाम कर रहे हैं, क्योंकि अभी तक वन विभाग हालात पर पूरी तरह काबू नहीं पा सका है।

## पीजी कॉलेज के प्राचार्य का कोतवाली चौराहे पर एनएसयूआई ने जलाया पुतला

### कार्यकर्ताओं ने की दुर्व्यवहार और अपशब्द टिप्पणी के विरोध में नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कोतवाली चौराहे पर प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज के प्राचार्य रोहिताश्य शर्मा का पुतला जलाकर आक्रोश प्रकट किया। कार्यकर्ताओं ने युवक कांग्रेस और एनएसयूआई के नेताओं के साथ दुर्व्यंवहार करने और छात्र छात्राओं के लिए अपशब्द टिप्पणी के विरोध में एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोंधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य रोहिताशय शर्मा किसी भाजपा नेता की तरह काम कर रहे है। कॉलेज में जारी अव्यवस्थाओं का विरोध करने पर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के नेताओं के साथ बदतमीजी कर रहे है। यहीं नहीं प्राचार्य के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए भी अब शब्द कहे है। विरोध करने पर प्राचार्य ने युवा कांग्रेग जिलाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, प्रदेश सचिव हरिओम सिसोदिया, यश यादव और विधानसभा अध्यक्ष तनिश त्यागी के खिलाफ झूठी एफआईआर भी दर्ज करा दी है। एनएसयूआई अपने नेताओं और छात्र-छात्राओं का अपमान बर्दास्त नहीं करेंगी। कॉलेज के प्राचार्य को तत्काल हटाकर कर्रवाही की जाए और दर्ज एफआईआर को भी निरस्त किया जाए। पुतला दहन में मोनू शर्मा, लक्की सक्सेना, अनुभव सेन, प्रमोद वर्मा, शुभम मालवीय, प्रवेश परिहार, दिग्विजय सिंह, अरुण परमार, उदित मालवीय, दिवंशय मालवीय, हरिओम वर्मा, जितेन्द्र परमार, नमन,अनिकेत मालवीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह के आवेदन शुरू नगर पालिका में होंगे जमा

**सीहोर**। आगामी दिनांक 11 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह का आयोजन आवासीय खेलकूद स्कूल प्रांगण में होने जा रहा है। जिसमें कवेल बीपीएल धारी परिवार की कन्याओं को सम्मिलित किया जाना है, नगर पालिका परिषद, सीहोर में समय पर आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ उठायें।

### श्री सांवरिया सेठ व चौरासी महादेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एक फरवरी से

**सीहोर**। शहर के शीतल बिहार कालोनी के पीछे वृन्दावन कालोनी में श्री सांवरिया सेवा समिति के तत्वाधान में श्री सांवरिया सेठ एवं चौरासी महादेव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आगामी एक से सात फरवरी तक किया जाएगा। इस मौके पर आगामी 31 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ महोत्सव की शुरुआत की जाएगी।

इस संबंध में श्री सांवरिया सेवा समिति की अध्यक्ष उषा राज शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, पंडित कटारे बाबा के आशीर्वाद से महोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय महोत्सव में प्राण-प्रतिष्ठा के अलावा कथा वाचक पंडित रविन्द्राचार्य के द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कालोनी में सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। शहर के इतिहास में श्री सांवरिया सेठ और चौरासी महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण विधि-विधान से मंदिर में करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सांवरिया सेठ : योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण की वह सांवली छवि... जिसकी उपासक भक्त मीरा बाई रहीं।

## बदबूदार पानी को लेकर नागरिकों ने जताई चिंता, ज्ञापन सौंपा



**सीहोर**। नपा द्वारा सफलाई किए जा रहे गंदे पानी का मुद्दा गरमाया गया है। बदबूदार सीवेज युक्त पानी को लेकर नागरिकों में गहरी चिंता दिखाई दे रही है। घरों में पेट दर्द, उल्टी-दस्त और संक्रमण की शिकायतें सामने आई हैं। अनेक नागरिकों ने नारेबाजी के साथ जताया रोष प्रकट किया। अनेक परिवार पानी उबालकर पीने को मजबूर हैं, फिर भी पूरी तरह सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे। कस्बा क्षेत्र में नलों से आ रहे गंदे, बदबूदार और सीवेज युक्त पानी को लेकर शुक्रवार को नागरिकों ने आज़म लाला के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचे कर कलेक्टर के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार अमित सिंह को दिया है। नागरिकों ने ज्ञापन सौंपकर तत्काल शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था को सुधार ने की मांग की है।

जनसेवक आज़म लाला ने कहा कि वार्ड क्रमांक 30 में लंबे समय से दूषित पानी की आपूर्ति नगर पालिका के द्वारा की जा रही है। इस संबंध में कई बार नगर पालिका कार्यालय को शिकायतें किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस समस्या का निराकरण नहीं किया गया है और जिम्मेदार कर्मचारियों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मजबूरी में लोग गंदा पानी पीने को विवश हैं, गंदा पानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। इंदौर घटना का हवाला देते हुए आज़म लाला ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी पीने से मौतों हुई है। इस के बाद भी प्रशासन घटना से सबक नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जलापूतिज़ लाइनों की जांच, सफाई और मरम्मत नहीं की गई तो कस्बा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 30 में भी किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में मटमैला और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है।

जनहित में जनसेवक आज़म लाला ने जलापूर्ति पाइपलाइन की तत्काल जांच कर सीवेज मिलावट का कारण दूर किया जाने,सप्लाई होने वाले पानी की नियमित लैब जांच कर रिपोटर्7 सार्वजनिक करने,स्थायी समाधान तक टैंकरों से शुद्ध पेयजल नागरिकों को उपलब्ध कराने और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों एवं संबंधित एजेंसियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। आज़म लाला ने कहा कि यदि तय समय में हालात नहीं सुधरे तो वार्डवासी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में जमशेद पहलवान, रवि पांडे, शेरू भाई, आसिफ भाई, मजीद खान, अकरम खान, शमीम भाई, रफू पहलवान, खिजऱ पहलवान, गुड्डू भाई, साबिर भाई, शानू लाला, नासिर उल्लाही, अमित शमाज़, अमन लाला, इमरान लाला, जुनैद अंसारी, रोहन ठाकुर, अरमान पठान, मोहसिन खान, जुनैद पठान, आमिर मंसूरी, इमरान पठान, शरीम पठान, बिट्टू, सरफराज बाबा, इरफान लाला, रईस मंसूरी, आशु गोल्डन, कमलेश गुप्ता, असलम कुरैशी, दानिश खान सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### न्याय के लिए एसपी कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठे पीड़ित परिजन

# एक्सीडेंट करने वाली एसआई को गिरफ्तार कर नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




हाईवे पर दुर्घटना को अंजाम देकर एक व्यक्ति की जान लेने वाली और तीन लोगों को गंभीर घायल करने वाली थार कार चालक एसआई किरण राजपूत सहित घायलों की मदद नहीं कर एसआई को मौके से फरार करने वाले आरक्षक के के यादव को गिरफतार करने और नौकरी से बर्खास्त करने की मांग को लेकर पीड़ित परिजन शुक्रवार को एसपी कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठ गए। भूख हड़ताल प्रदर्शन के दौरान मृतक के भाई भारतीय सेना में पदस्थ और कोतवाली टीआई राविंद्र यादव की पुलिस के द्वारा समय पर कार्रवाही नहीं किए जाने को लेकर तीखी बहस भी हो गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत ने पीड़ित परिजनों को समझाईस देने की कोशिश की लेकिन परिजन कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। न्याय के लिए परिजनों के साथ बैठी फरियादिया सीमा शर्मा पत्नि स्वर्गीय जय शर्मा ग्राम रातीबड तह हुजूर जिला भोपाल ने बताया कि 12 दिसंबर समय दोपहर 12: 30 से 12:45 को पति विजय शर्मा और देवर हिरदेश शर्मा (भारतीय सेना में पदस्थ) राजाराम शर्मा मोटर साईकिल से सीहोर से अपना निजि कार्य निपटा कर घर की ओर लौटते समय झागरिया जोड़ इंदौर भोपाल हाइवे सीहोर रोड पर आष्टा थाना में पदस्थ एस आई किरण राजपूत ने लाल रंग की थार जीप को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए किनारे पर मोटर साइकिल पर सवार पति एवं देवर को टक्कर मार दी ओर 25 से 30 फिट घसीटते हुये कम्बल बेच रहे व्यापारियों को कुचलते हुये झाडियों में घुस गई। पति की अस्पताल ले जाते समय उनकी दर्दनाक मृत्यु हो गई एवं देवर हिरदेश शर्मा गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती है। एसआई. किरण राजपूत ने अपनी कार से उतरकर घायलो को देखा तक नहीं उल्टा मौके पर उपस्थित लोगो को धमकाया की मैं पुलिस में एसआई हूं । दो पुलिस वालों की सहायता से अपनी थार कार मौके पर छोड़ कर पुलिस जवानो की मदद से भाग गई ।

अब पुलिस द्वारा महिला एमआई को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकी वीडियो सोशल मीडिया एवं समाचार चैनलों पर भी आया है तब पुलिस द्वारा हिट एण्ड रन की धाराओं में एफ आईआर दर्ज नहीं की है। पीड़ित परिवार ने तथ्यों के आधार पर महिला एस.आई. किरण राजपूत पर हिट एण्ड रन की धारा बड़ा कर गिरफ्तार करने नौकरी से हटाने, घटना स्थल पर उपस्थित पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की की गई है। प्रदर्शन में राजा राम शर्मा,सीमा शर्मा धर्मेंद्र शर्मा,रुद्र शर्मा एवं अन्य परिवार के लोग शामिल रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा छाया : न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, मावठा गिरने की संभावना

**सीहोर**। जिले में ठंड का असर लगातार बना हुआ है। शुक्रवार सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सड़कों पर साफ दिखाई नहीं दे रहा था और हाईवे पर वाहनों की रफ्तार काफी धीमी हो गई। वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ नदी और तालाबों के आसपास कोहरा ज्यादा घना रहा। भोपाल-इंदौर हाईवे पर भी धुंध और कोहरे के कारण वाहन धीरे-धीरे चलते नजर आए। कई जगह विजिबिलिटी काफी कम हो गई थी।



**जनवरी में फिर बढ़ी ठंड :** जनवरी की शुरुआत में तीन दिन तक घना कोहरा रहा था, इसके बाद कुछ दिन राहत मिली। लेकिन शुक्रवार को एक बार फिर कोहरे ने दस्तक दी। कभी कोहरा तो कभी साफ आसमान, ऐसे मिले-जुले मौसम के बीच ठंड का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं आ रही हैं। इससे तापमान में गिरावट देखी गई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस था, जो शुक्रवार को घटकर 8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

**मावठे की भी संभावना :** मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर के अनुसार, जब दक्षिण-पूर्व दिशा से हवाएं चलती हैं, तब मावठा गिरने की संभावना बनती है। आने वाले दिनों में हवा की दिशा ऐसी हो सकती है, जिससे जिले में मावठा पड़ने के आसार हैं।

## खबर संक्षेप



### महिला बालिका स्वास्थ्य जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गई

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना के तहत सीहोर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और शासकीय योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी देना था। कार्यशाला में गायनेकोलॉजिस्ट डॉ टीना गुप्ता ने महिलाओं एवं बालिकाओं को पीसीओएस के कारण होने वाली समस्याओं और एचपीवी वैक्सीन के महत्व की सरल भाषा में जानकारी दी। कार्यशाला में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित सरकार की योजनाओं, कानूनी प्रावधानों एवं बालिका शिक्षा संबंधी विषयो पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला मे जिले की 350 प्रतिभागी महिला एवं बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में प्राचार्य मंजरी अग्निहोत्री, परियोजना अधिकारी भगवती मालवीय, वन स्टॉप सेंटर से निधी शर्मा, बंशीधर गुप्ता, सुरेश पांचाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### भगवान श्रीकृष्ण जन्म पर झूमे-नाचे श्रद्धालु



**भैरूंदा।** नगर की स्तुति विहार कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। जैसे ही कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन हुआ, पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो' और 'गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो' के जयघोष से गूंज उठा। भजनों, तालियों और हरिनाम संकीर्तन के बीच श्रद्धालु भावविभोर होकर कृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लेते नजर आए। कथा वाचक कमलेश शर्मा जमली वाले ने ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण शैली में कृष्ण जन्म की कथा का सजीव चित्रण किया। उन्होंने बताया कि कंस के कारागार में प्रभु के अवतरण के साथ ही अंधकार छंट गया और ब्रजभूमि आनंद से भर उठी। नंद बाबा के घर मंगल गीत गूंजे, ग्वाल-बालों की किलकारियों से वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया और ब्रजवासियों ने प्रभु के आगमन पर उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया। कथा का यह वर्णन सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावुक हो उठे।कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर बाजे-गाजों के साथ पुष्पवर्षा की गई।

## कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में देवास जिले के उद्योगपतियों की बैठक आयोजित

# जिलेभर में स्थापित सभी उद्योग जून तक कोयले से सीएनजी में शिफ्ट हों: कलेक्टर

### सीएसआर फंड का उपयोग केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास जैसे अन्य क्षेत्रों में भी करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में देवास जिले के उद्योगपतियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्योगों द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत योगदान बढ़ाना, उद्योगों को फॉसिल फ्यूल से सीएनजी में शिफ्ट होने की प्रक्रिया को तेज करना था। बैठक नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम अभिषेक शर्मा, उद्योगसंघ के पदाधिकारी, उद्योगपति सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने उद्योगों के सीएसआर योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सीएसआर समाज के समग्र विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सीएसआर फंड का उपयोग केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास आदि विविध क्षेत्रों में योगदान देकर जिले को और अधिक समृद्ध बनाया जा सकता है।कलेक्टर सिंह ने प्रदूषण नियंत्रण पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं एक प्रमुख प्रदूषण का कारण है। उन्होंने सभी उद्योगों को निर्देशित किया कि जो कंपनियां अभी तक कोयले से सीएनजी में शिफ्ट नहीं हुई हैं, वे जून 2026 के अंत तक अनिवार्य रूप से सीएनजी में परिवर्तन कर लें। ऐसा न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने सभी उद्योगपतियों से अपील की कि वे जिले के विकास में सक्रिय भागीदार बनें और सामाजिक, पर्यावरणीय तथा आर्थिक विकास के लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। बैठक में उद्योगपतियों ने सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि उद्योगों के सहयोग से जिले में कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाएं। इन केंद्रों के माध्यम से छात्रों को उद्योगों की आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षित किया जाये, जिससे उन्हें शीघ्र ही रोजगार प्राप्त हो सके और उद्योगों को भी कार्य के लिए आवश्यता अनुसार प्रशिक्षित छात्र मिल सकें। बैठक में कलेक्टर ने बताया देवास में माताजी टेकरी पर देवीलोक बनाया जाना प्रस्तावित है। देवीलोक का निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा। इससे न केवल देवास में पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विकास होगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे और इससे देवास जिले को एक और नई पहचान मिलेगी। उन्होंने सभी उद्योगपतियों से इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में सक्रिय सहभागिता करने का आग्रह किया तथा कहा कि सबके सामूहिक प्रयासों एवं सहयोग से ही यह परियोजना सफल हो सकेगी।

## जन शिक्षा केंद्र स्तर पर पियरलर्निंग समुदाय बनाकर शिक्षक करेंगे शैक्षिक संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सीहोर में एकदिवसीय शैक्षिक संवाद विषय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 8 दिसंबर 2026 को जिला प्रशिक्षण शिक्षा संस्थान सीहोर में लगभग 120 शिक्षकों सहजकर्ता और समस्त जन शिक्षा केंद्र के एक एक नोडल जन शिक्षक का प्राथमिक स्तर का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत के अंतर्गत मध्य प्रदेश में किए जा रहे हैं।

नवाचार में हर जन शिक्षा केंद्र स्तर पर माह में शनिवार को शिक्षकों के जनशिक्षा केंद्र स्तर पर एकत्रित होकर अपनी बेस्ट प्रैक्टिस ओर नवाचार दूसरे शिक्षकों से भी साझा करना है। यहां शिक्षक एक दूसरे शिक्षकों से अपनी कक्षा में की जाने वाली गतिविधि साझा करेंगे और शिक्षण के दौरान आने वाली चुनौतीया और उनका समाधान में साझा करेंगे। डाइट सीहोर की प्रशिक्षण प्रभारी मुक्ता गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत तथा मध्य प्रदेश में मिशन अंकुर के अंतर्गत शिक्षकों को एक पियर लर्निंग समुदाय का निर्माण करना। जहां शिक्षक एक दूसरे के माध्यम सीख सके तथा शिक्षकों का व्यवसायिक उन्नयन भी हो सके।

जन शिक्षा केंद्र स्तर पर जो भी संवाद के विषय से सीख मिलती है उसे अपनी कक्षा कक्ष में भी लागू करें और बच्चों के सीखने के लक्ष्य को प्राप्त हो और प्रत्येक बच्चे को बुनियादी शिक्षा में निपुण बनाया जा सके। इसी के डाइट प्राचार्या डॉ अनीता बड़गुर्जर ने भी इस योजना के प्रभारी कार्यान्वयन के लिए सभी उपस्थिति शिक्षकों और जनशिक्षकों को निर्देश प्रदान किए। उन्मुखीकरण में जिला स्तरीय सहजकर्ता के रूप में कल्याणसिंह ठाकुर, बलराम वर्मा , प्रतीभा श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे और सत्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया।

# मॉडल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, सौ से अधिक विद्यार्थियों ने किया मॉडलों का प्रदर्शन

### ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने दिखाए अपनी प्रतिभा के हुनर



**इछावर ।** नगर के मॉडल स्कूल में शुक्रवार को विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान , गणित, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखण्ड के सभी जनशिक्षा केंद्रों से चयनित स्कूलों के छात्र - छात्राओं ने अपने मॉडलों का प्रदर्शन किया।

आयोजित कार्यक्रम मॉडल स्कूल प्रभारी आर आर दुगारिया के मुख्य आतिथ्य एवं बीआरसी सुभाष चन्द्र दूबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीआरसी सुभाष चन्द्र दूबे ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के लिए किया जाता है, जहां वे विभिन्न विषयों पर अपने मॉडल, प्रयोग और नवाचार प्रस्तुत करते हैं, जिससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान मिलता है और वे विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के प्रति प्रेरित होते हैं । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री दुगारिया ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना की । उन्होंने कहा कि बच्चों ने बड़ी मेहनत से शुन्य इंवेस्टमेंट पर बहुत ही रोचक मॉडलों का निर्माण किया है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान , पर्यावरण, गणित , सामाजिक विज्ञान आदि विषय में स्वचालित प्रणालियों,जल संरक्षण, भूकंप ,वर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली ,सड़क सुरक्षा, ग्रीन हाउस प्रभाव, आधुनिक सिचाई पद्धति, डीएनए आधारित एवं जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया । विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न आकर्षक एवं महत्वपूर्ण मॉडलों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस प्रदर्शनी में सौ से अधिक संख्या में विद्यार्थीयों ने अपने मॉडलों का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में शामिल डॉक्टर वर्षा आहुजा, पूनम मोर्य , महेंद्र सिंह सिसोदिया , अशोक मालवीय, चंदरसिंह ठाकुर, अतुल सेन, देवेंद्र वर्मा, महेश चंद्र मालवीय, कमलसिंह मालवीय, महेश कुमार राठौर ने मॉडलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मॉडलों को सर्वश्रेष्ठ मॉडल के रूप में चयन कर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शन के लिए जिला स्तर पर भेजा।इन सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी बीएसी महेंद्र सिंह सिसौदिया , बीएसी अशोक कुमार मालवीय, घनश्याम वर्मा, नरेंद्र सोलंकी, अनिल करमौदिया, चंदरसिंह ठाकुर, जनशिक्षक महेश चंद्र मालवीय, अतुल सेन , महेश मालवीय , बहादुर सिंह कबाड़ी , सीमा मालवीय , विक्रम मालवीय, रामसिंह, जितेन्द्र राठौर आदि शिक्षक प्रमुख रूप से शामिल थे।

## उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 9वीं में प्रवेश लेकर अपना करियर बना सकते हैं छात्र-छात्राएं



**सीहोर।** स्थानीय शास उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1 में सत्र 2026-27 के नौवीं कक्षा में प्रवेश हेतु, ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए है। जिस हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरे जा रहे है, जिसकी अंतिम तिथि 16 जनवरी 2026 है। यह परीक्षा मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षाः 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी।परिक्षा में शामिल होने के लिए आठवीं कक्षा अध्ययनरत होना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथिः 16 जनवरी है। ऑनलाइन आवेदन की बे ब सा इ ड www.mponline.gov.in अथवा www.mpsos.nic.in विद्यार्थी एम पी ऑनलाइन की किसी भी शॉप पर जाकर आवेदन कर सकते है। यह विद्यालय हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में संचालित है। प्राचार्य सुनीता जैन मैडम ने बताया कि विद्यालय में प्रवेशित समस्त छात्र छात्राओं को शासन की समस्त योजनाओं का लाभ दिया जाता है। बालक एवं बालिका छात्रावास सुविधा उपलब्ध है। अनेक विशेषताओं से भरपूर विद्यालय छात्रों के करियर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के जिला करियर काउंसलर जय किशन जोशी ने बताया कि हमारे विद्यालय से इस वर्ष 100 से अधिक छात्र-छात्राओं का देश सेवा के लिए देश की सम्माननीय सेना में बच्चे चयनित हुए है। इसी प्रकार अनेक विभागों में बच्चे देश की सेवा कर रहे है। एनसीसी ऑफिसर दिनेश मेवाड़ा जी ने बताया कि विद्यालय में अनुशासन है। क्योंकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता और एन एस एस ऑफिसर देवेंद्र कुमार राय ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्रों में सामाजिक भावना का विकास किया जाता है ताकि छात्र पढ़ाई के पश्चात किसी भी सेवा क्षेत्र में जाकर छात्र समाज को देने का काम करें और समाज को उपयोगी बना सके। शिक्षाविद् डॉ राजेंद्र देशमुख ने बताया कि यह विद्यालय हमेशा से शिक्षा में सिरमौर रहा है, यहां के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के बाद देश के सर्वोच्च पदों पर पहुंच कर देश की उत्कृष्ट सेवा में अपना योगदान दिया है।

पूर्व प्राचार्य संतोष सोनी ने बताया कि विद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त शिक्षक पदस्थ हैं, विद्यालय आधुनिक तकनीकों से विशेष शिक्षण कार्य कर, विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

### हर वर्ग का विश्वास जीतना ही कांग्रेस का मुख्य लक्ष्यः कुंवर सुमित नर्रे



**सीहोर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव (आदिवासी विभाग) कुंवर सुमित नर्रे ने पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर के बयान का समर्थन करते हुए कहा है कि कांग्रेस की असली ताकत सर्वसमाज का साथ और भरोसा है। सुमित नर्रे ने आगे बताया कि जब भी कोई नेतृत्व जनता के बीच प्रवास पर हो, तो उनका ठहराव और संवाद सीधे आम जनमानस के बीच होना चाहिए, ताकि जनता में एक सकारात्मक संदेश जाए। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को सुझाव देते हुए कहा कि किसी भी वर्ग के प्रति धारणा बनाने के बजाय, हमें हर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचकर उनका विश्वास जीतना होगा। नर्रे ने यह भी स्पष्ट किया कि संगठन में सुधार के लिए जमीनी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, ताकि कांग्रेस आगामी चुनौतियों के लिए और अधिक मजबूती से तैयार हो सके। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस का सच्चा सिपाही हूँ और पार्टी के हित में सच बोलना मेरा फर्ज है। हम चाहते हैं कि नेतृत्व जमीनी हकीकत को समझे ताकि कांग्रेस फिर से हर व्यक्ति के भरोसे का प्रतीक बन सके।

### चीनी मांझा बना जानलेवा, कलेक्टर से सख्त कार्रवाई की मांग



**सीहोर।** शहर में प्रतिबंध के बावजूद चीनी मांझे की बिक्री और उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है, जो आमजन के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। इसको लेकर आशीष गहलोत ने कलेक्टर सीहोर के नाम बयान जारी कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। आशीष गहलोत ने अपने बयान में कहा कि हर वर्ष संक्रांति एवं त्यौहारी सीजन में पतंग उड़ाने के दौरान चीनी माँझे का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। यह माँझा अत्यंत धारदार और जानलेवा होता है, जिससे बाइक सवार, पैदल राहगीर, बच्चे और पक्षी तक गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। कई मामलों में लोगों के नाक, कान और गले कटने जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चीनी माँझे पर प्रतिबंध लगाया गया है, इसके बावजूद शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में इसकी खुलेआम बिक्री हो रही है। प्रतिबंधित सामग्री बेचने वाले दुकानदारों पर न तो जप्ती की जा रही है और न ही कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। आशीष गहलोत ने कलेक्टर से मांग की है कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चीनी माँझे की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर तत्काल कड़ाई से रोक लगाई जाए, दोषी दुकानदारों के विरुद्ध जप्ती एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा पुलिस-प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर जन-जागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन को सार्वजनिक सुरक्षा के हित में तुरंत प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

## नयापुरा में आयोजित की जा रही परचरी पुराण कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

# गुरु सिंगाजी महाराज की वाणी आज भी सत्य के मार्ग पर चलना सिखा रही है: चेतना भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा






तहसील के लाडकुई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयापुरा में आयोजित परचरी पुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर निमाड़ की प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता दीदी श्री चेतना भारती ने आत्मज्ञान, संत वाणी तथा कर्ता–अकर्ता भाव का गूढ़ और सारगर्भित विवेचन किया। उन्होंने कहा कि अचेतन अवस्था में कर्ता-भाव रखकर किया गया प्रत्येक कर्म मनुष्य को अशांति की ओर ले जाता है, जबकि स्वयं को पहचान चुका बुद्ध पुरुष अकर्ता भाव में रहकर भी लोककल्याण हेतु कर्म करता है।

कथा के दौरान दीदी चेतना भारती ने कहा कि निमाड़ की पावन धरती संत परंपरा की साक्षी रही है और यह भूमि संतों के आत्मज्ञान से आलोकित है। विशेष रूप से उन्होंने संत सिंगाजी महाराज का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी वाणी आज भी मानव को सत्य, शांति और परम आनंद के मार्ग पर अग्रसर कर रही है। सिंगाजी महाराज की वाणी का श्रवण और गायन जीवन से अशांति, शोक और क्षोभ को दूर करने की अद्भुत क्षमता रखता है।

उन्होंने कहा कि संत सिंगाजी महाराज को केवल पशुओं के देवता के रूप में सीमित करना उनके विराट व्यक्तित्व के साथ अन्याय है। वे ऐसे सद्गुरु थे, जो साधारण नर को नारायण बनने की दिशा दिखाते हैं। उनकी शिक्षाएं मानव को आत्मबोध, करुणा, समता और समरसता का संदेश देती हैं, जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं।

कथा के दौरान संत सिंगाजी महाराज की समाधि से जुड़ी दिव्य कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आरती, वधावा और जयकारों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर हलवा प्रसाद की कढ़ाई भी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आयोजन ग्राम के धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा लोककल्याण की भावना से किया जा रहा है। परचरी पुराण कथा में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और संत वाणी का लाभ ले रहे हैं। कथा का क्रम आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

### छत्तीसगढ़ का एक-एक युवा बनेगा स्वामी विवेकानंद: पंडित मोहितराम पाठक



**सीहोर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर भगवान श्री राम के पावन चरित्र की गाथा श्री राम कथा का पावन उत्सव छत्तीसगढ़ की पावन भूमि पर मध्य प्रदेश सीहोर से पधारे कथा व्यास परम गौभक्त भक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक के मुखारविंद से ग्राम झूरा नवागांव में चल रही पांच दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव में आज संत श्री ने संपूर्ण सनातनी हिंदू युवा साथी एक-एक बालक बालिका भारत की छत्तीसगढ़ की स्वामी विवेकानंद के आदर्श चरित्र को लेकर चले तो भारत का एक-एक युवा आज स्वामी विवेकानंद बन सकता है और हम पुनः भारत का नव निर्माण कर सकते हैं। उक्त उद्गार नवयुवा विवेकानंद समिति ग्राम झूरा नवागांव कुरूद छत्तीसगढ़ में चल रही श्री राम कथा के प्रथम दिवस व्यक्त किया आगे कथाओं में वर्णन करते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री राम माता जानकी लक्ष्मण भैया अपने पिता के एक वचन के लिए वनवास चले गए थे। हम सभी को भी अपने बड़े बुजुर्ग माता-पिता गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए सनातन धर्म राष्ट्र की रक्षा करना चाहिए स्वामी विवेकानंद का भी यही उद्देश्य था।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा आयु वयस्क आ. श्री राम सिंह निवासी ग्राम सोडा तहसील व जिला सीहोर म०प्र० के द्वारा अनुबंधीत कृषि भूमि जिसका खसरा क्रमांक 48/1/1 रकबा 0.3120 है० मे से विक्रित रकबा 0.283 है. यानि 70 डेसीमल कृषि भूमि जो कि ग्राम उसमानिया तहसील व जिला सीहोर म०प्र० में स्थित है यह उक्त विक्रित कृषि भूमि राजस्व पत्रो मे शरीफ खा आयु वयस्क आ० मोहम्मद खा निवासी ग्राम उस्मानिया तहसील व जिला सीहोर म०प्र० के नाम दर्ज है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर टोकन बयाना राशि अदा कर दी है यदि उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति या बैंक या वित्तीय संस्था आदि का कोई बकाया देय शेष हो या उक्त भूमि पर पारिवारिक वाद, विवाद, बंटवारा, कब्जा, सीमांकन, रास्ता तथा कुर्की संबंधित विवाद सक्षम न्यायालय मे लंबित होने या किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष मे विक्रय पत्र, दान पत्र, अनुबंध पत्र आदि संव्यवहार होने की दशा मे प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधी मे मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा वाद म्याद उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अथवा उनके प्रतिनिधी के पक्ष मे निष्पादित करवा लिया जायेगा। इसके बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा मान्य नही की जावेगी तथा उक्त संपत्ति पर प्रथम हक मेरे पक्षकार का माना जावेगा।

भवदीय, **सुरेंद्रसिंह राजपूत,**
अधिवक्ता जिला सीहोर
मो. 9039802674

हाईवे से लगी सरकारी जमीन पर है नजर, 50 मीटर की दूरी में निकाले 3 प्रवेश द्वार

# कॉलोनाइजर की मंशा पर प्रशासन सख्त निजी हितों में नहीं कर पाएंगे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

किसी निजी कॉलोनी से लगी सरकारी भूमि हो और उस पर कॉलोनाइजर की गिद्ध दृष्टि न हो ऐसा कम ही देखने को मिलता है। वह किसी भी तरह सरकारी भूमि को लाभ अपने निजी हितों को साधने में लगाने के भरसक प्रयास करता है । कुछ यही हाल माचलपुर की विद्याधाम कॉलोनी के कॉलोना इजर के भी है।

उन्होने बिना किसी अनुमति के 50 मीटर में 3 प्रबेश द्धारा दिए है जिनसे बहां पर मौजूद प्लॉट की कीमत तो बढ ही गई अपितु कॅमर्शियल कॉपलेक्स बनाए जाने के बाद सरकारी भूमि पर वाहन पार्किंग की मंशा नजर आ रही है। करोडों रूपए की सरकारी जमीन के चक्कर में ही पिछले कुछ समय पहले कॉलोनी द्धारा किया गया अवैध अतिक्रमण की बाउंड्री बॉल को प्रशासन ने तोडनें के साथ साथ कॉलोनाइजर पर जुर्माना भी लगाया गयां थां।




राजस्व जमीन पर कब्जा जमाने विद्याधाम कॉलोनी ने 50 मीटर में दिए 3 इंट्रेंस गेट
रेसीडेंसियल कॉलोनी में बना कॉमर्शियल कॉप्लेक्स

### विकास शुल्क भी नहीं किया जमा सीएमओ बोले देंगे नोटिस

*नगरीय क्षेत्र माचलपुर में विद्याधाम कॉलोनी तो डेव्हलप कर ली परंतु नगर पंचायत का विकास शुल्क आज तक नहीं दिया गया। इस बारे में जब सीएमओ देवेन्द्र वत्स से बात की गई तो उन्होनें कहा की इनकी फाइल दिखवा लेते हैं और विकास शुल्क को लेकर जल्दी ही नोटिस जारी किया जावेगा।*

### नायब तहसीलदार बोले नहीं होने देंगे कब्जा

*शासकीय जमीन पर कब्जे की बात पर माचलपुर नायब तहसीलदार ने कहा की हमने पूर्व में भी कार्रवाई की है और भविष्य में भी यदि सरकारी जमीन का निजी हितों में उपयोग किया तो कॉलोनाइजर पर कार्रवाई की जावेगी।*

कंपनियां उपलब्ध कराएंगी रोजगार

## 12 जनवरी को लगेगा रोजगार मेला 70 कंपनियां आएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले में आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले रोजगार मेले को लेकर युवाओं में खासे उत्साह का माहौल है। रोजगार मेले हेतु अब तक साढ़े पांच हजार से अधिक युवाओं द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। इसके साथ ही 70 से अधिक कंपनियां इस रोजगार मेले में सम्मिलित होने जा रही हैं। इन कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। प्रशासन द्वारा रोजगार मेले की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

प्रशासन द्वारा जिले के अधिक से अधिक युवाओं से अपील की गई है कि वे पंजीयन करवाकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं। जो कंपनियां मेले में सम्मिलित होने जा रहे हैं उनमें एसआईएस लिमिटेड, गुडविल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कंपनी, रिलायंस रिटेल, टेक्नोटास्क, टीम एचआर, एसएमसी इंटीग्रेटेड, विशाल मेगा मार्ट, कैलिब एचआर, टीम लीज, पेटीएम, वीई कमर्शियल भोपाल, सुरना मोटर्स, युवा शक्ति फाउंडेशन, वैकमेट इंडिया लिमिटेड, सागर मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड, तमोट, रायसेन, अनंत स्पिनिंग मिल्स, रायसेन, परमल्ली वालेस, मंडीदीप, यशस्वी ग्रुप, होम हेल्प सेंटर, मंडीदीप, टेस्ला ट्रांसफॉर्मर प्राइवेट लिमिटेड, आईपीसीए लैबोरेटरीज लिमिटेड, अल्फा प्रोटीन, किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड देवास, कमिंस टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, देवास, आई डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अहमदाबाद सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं।

मंत्री टेटवाल, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

## 12 जनवरी को सारंगपुर में होगा वृहद युवा संगम रोजगार मेला



**सारंगपुर।** 12 जनवरी को सारंगपुर में आयोजित होने वाले वृहद "युवा संगम रोजगार मेले" की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल, कलेक्टर गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने कृषि उपज मंडी परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात जनपद पंचायत कार्यालय में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेला व्यवस्थाओं, सुरक्षा, पंजीयन, कंपनियों की व्यवस्था, दिव्यांगजनों की सुविधा सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### प्रेस कांफ्रेंस में दी गई जानकारी

बैठक के बाद मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि यह रोजगार मेला जिले के युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। अब तक 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां मेले में पंजीकृत हो चुकी हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 13,000 पदों पर युवाओं का चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि इस मेले में 10वीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातक तक की योग्यता रखने वाले 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। 11,000 से युवा पंजीकरण करवा चुके हैं और यह संख्या बढ़ रही है।

### दिव्यांगजनों को विशेष अवसर

मंत्री टेटवाल ने बताया कि इस मेले में दिव्यांगजनों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। 8 कंपनियां विशेष रूप से दिव्यांगजनों को रोजगार देने के लिए पंजीकृत हैं। इसके साथ ही 8 जनवरी को दिव्यांगजनों हेतु विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसमें उन्हें इंटरव्यू, रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाएगा।

भारत माता के जयकारे गूंजे

## हिंदू सम्मेलन से पहले निकाली गई वाहन रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

आगामी भव्य हिन्दू सम्मेलन के पूर्व नगर में आज विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान नगर भारत माता की जय के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण देशभक्ति व धार्मिक उल्लास से भर गया।

वाहन रैली स्थानीय स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। युवाओं में खासा जोश देखने को मिला, जिन्होंने हाथों में ध्वज लेकर अनुशासित ढंग से रैली में सहभागिता की। आयोजन समिति के अनुसार रैली का उद्देश्य आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य हिन्दू सम्मेलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। समिति ने सफल रैली के लिए सभी युवाओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

## राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले पूर्व सेल्समैन पर एफआईआर दर्ज

भोजपुर क्षेत्र के डोरियाखेड़ी राशन वितरण केंद्र का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/राजगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र उपभोक्ताओं को राशन का वितरण न करते हुए करीब 10 लाख की गड़बड़ी करने वाले पूर्व सेल्समेन पर खाद्य विभाग ने मुकदमा दायर करवाया है। विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर भोजपुर थानाक्षेत्र की डोरियाखेड़ी राशन दुकान के सेल्समेन पर यह एफआईआर दर्ज की गई है।

### क्या था पूरा मामला

शासकीय उचित मूल्य की दुकान डोरियाखेड़ी के पूर्व विक्रेता रघुनंदन शर्मा द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान गेहूं, चावल, नमक, शक्कर की बड़ी मात्रा में गड़बड़ी पाई गई थी। विक्रेता शर्मा द्वारा उनकी दुकान के लिए आवंटित राशन खाद्यान सामग्री का विक्रय पात्र उपभोक्ताओं को न करते हुए अन्यत्र बेचना एवं खुर्दबुर्द किया जाना पाया गया। उक्त प्रकरण की जांच के दौरान पूर्व में भी संबंधित दुकान से जुड़े अन्य विक्रेताओं के विरुद्ध अनियमितता प्रमाणित हुई थी, जिनसे नियमानुसार वसूली की कार्यवाही की गई। जबकि, रघुनंदन शर्मा उनके कार्यकाल में पाए गए खाद्यान अंतर की राशिन 10 लाख 56 हजार 605 रुपए जमा नहीं करवाई गई। ऐसे में विभाग की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अस्मिता गुप्ता द्वारा प्रकरण से संबंधित समस्त जांच प्रतिवेदन, वसूली आदेश, स्टॉक में अंतर विवरण एवं आवश्यक दस्तावेज पुलिस को सौंपे गए। इस आधार पर भोजपुर थाने में रघुनंदन शर्मा पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत यह प्रकरण पंजीबद्ध किया है। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### हरिभूमि ने जिले की कई राशन दुकानों में करोडों के घोटाले को किया था उजागर

कोरोना के समय का बताकर ब्यावरा व राजगढ ब्लॉक की कई राशन दुकानों से विभाग के जेएसओं ने हजारों टन राशन पीओएस मशीनों से हटा दिया था। जिसको लेकर तात्कालीन जेएसओ स्वाती वायकर हमेशा जबाब देने से बचती रहीं। खासकर ब्यावरा व राजगढ की राशन दुकानों में ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटाया गया था उस समय जेएसओ स्वाती वायकर के पास दोनों ब्लॉक का चार्ज था ऐसे में जब उनको इन ब्लॉक से हटने के बाद ही राशन दुकानदारों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। जिले में करोडों के राशन हो हटाने की खबर सबसे पहले हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी परंतु कार्रवाई में लंबा समय लगा।

ड्राइवर को आई चोट, भर्ती

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर पलटी



**खिलचीपुर।** खिलचीपुर में गुरुवार को तेज रफ्तार का खतरनाक नतीजा सामने आया। जालमपुरा गांव के पास बिजली ग्रिड के समीप एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद उछलते हुए करीब 25 फीट दूर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में वाहन चला रहे ड्राइवर के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि साथ बैठा व्यक्ति सुरक्षित बच गया। पचोर निवासी महेश गुप्ता अपने परिवार के साथ सफेद स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 09 सीएन 1471 से खिलचीपुर एक मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम में जाने के बाद उनके ड्राइवर होकम चारण स्कॉर्पियो लेकर पास के बरुखेड़ी गांव में अपने मामा से मिलने चले गए। कुछ समय रुकने के बाद वह अपने रिश्तेदार अजय चारण को साथ लेकर वापस खिलचीपुर लौट रहे थे।

### हवा में उछली कार दूर जाकर पलट गई

इसी दौरान जालमपुरा बिजली ग्रिड के पास पहुंचते ही वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया। तेज गति से सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद स्कॉर्पियो हवा में उछली और सड़क से नीचे गड्ढे में 25 फिट दूर पलट गई। हादसे में खुजनेर थाना क्षेत्र के देवली गांव निवासी ड्राइवर होकम चारण के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि वाहन में सवार अजय चारण को कोई चोट नहीं आई। हादसा होते देख वहां से गुजर रहे एक ग्रामीण ने तत्काल मदद करते हुए वाहन में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकाला। घायल ड्राइवर को तत्काल खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही वाहन मालिक महेश गुप्ता और उनका परिवार व रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद कुछ देर तक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

तीन घंटे तक बंद कमरों में खंगाली फाइलें

## सारंगपुर सिविल अस्पताल में कलेक्टर का औचक निरीक्षण

17 कर्मचारियों की सैलरी काटने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

राजगढ़ जिले के कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने सोमवार को सारंगपुर सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर करीब तीन घंटे तक अस्पताल के विभिन्न कक्षों में फाइलों एवं दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल करते रहे। इस दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र, स्टोर शाखा और लेखा शाखा के कक्षों में कमरे बंद कर आवश्यक रिकॉर्ड खंगाले गए। निरीक्षण के समय अस्पताल परिसर में हड़कंप की स्थिति बनी रही। कलेक्टर ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कई कर्मचारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रोहित बम्होरे, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में कई कर्मचारी नियमित रूप से ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज नहीं कर रहे थे। ऐसे कुल 17 कर्मचारियों की पहचान की गई है, जिनकी सैलरी काटने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपस्थिति की ऑनलाइन व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाएगा।इसके साथ ही कलेक्टर ने सफाईकर्मियों एवं आउटसोर्स के माध्यम से लगाए गए कर्मचारियों की भी ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। अस्पताल में भुगतान प्रक्रिया को लेकर भी उन्होंने निर्देश जारी किए कि सभी प्रकार के पेमेंट संबंधित शाखा प्रभारी एवं सीएमएचओ कार्यालय के माध्यम से ही किए जाएंगे। कलेक्टर के इस औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में अनुशासन कायम होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है और व्यवस्थाओं में सुधार की कवायद तेज हो गई है।

हरे भरे पेड़ों को काटकर ठिकाने लगाने लाए

## अवैध लकड़ी का मिला जखीरा माफिया के हौसले हो रहे बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास



क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं की सक्रियता एक बार फिर चर्चा में है। ताजा मामला लखनवास स्थित शिवहरे वेयर हाउस के पीछे बडली का है जहाँ भारी मात्रा में अवैध लकड़ी लावारिस हालत में छिपाकर रखी गई है। सूत्रों के अनुसार यह लकड़ी कीमती प्रजातियों की है जिसे हरे भरे पेड़ो को काटकर यहाँ ठिकाने लगाने के उद्देश्य से स्टोक किया जाता है और बादमें यह से ट्रक भर कर बाहर भेजा जाता है।

### लगभग एक ट्रक बबूल गुराड़ की कीमती लकड़ी

हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ी खुले मैदान में लावारिस की तरह पड़ी है लेकिन अभी तक किसी भी विभाग की इस पर नजर नहीं पड़ी। वेयर हाउस के पिछले हिस्से का फायदा उठाकर लकड़ी माफिया ने इसे छिपा दी। रात के अंधेरे में वाहनों की आवाजाही यहाँ कम हो जाती है उस समय अवैध लकड़ी का कारोबार खुलेआम चलता है

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

क्षेत्र में इस तरह अवैध लकड़ी का भंडारण होना वन विभाग ओर राजस्व विभाग पर भी सवाल उठता है । क्या विभाग को इसकी भनक नहीं है या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? शिवहरे वेयर हाउस के पीछे लखनवास। अवैध और लावारिस हालत में रखी लकड़ी। वन संपदा की तस्करी और बड़े माफिया का हाथ। वन विभाग और जिला प्रशासन तुरंत मौके पर पहुँचकर लकड़ी को जब्त करे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाया तो क्षेत्र के जंगलों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

गुरुवार को 4.6 डिग्री दर्ज किया गया जिले का न्यूनतम तापमान

## दिन में खिली धूप के चलते सर्दी के सितम से हल्की राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

पिछले दिनों पूरे प्रदेश में सबसे कम 2.0 डिग्री तक लुढ़का जिले का तापमान अब उछाल मारते हुए 4.6 डिग्री तक पहुंच चुका है। तापमान में उछाल से भीषण सर्दी की मार झेल रहे लोगों में थोड़ी राहत की सांस ली है। इसके साथ ही दिन के समय निकल रही धूप के चलते भी कड़ाके की सर्दी से परेशान लोग काफी हद तक सुकून महसूस कर रहे हैं।

दिन में खिल रही धूप ने पाले के संभावित संकट से जूझ रहे किसानों को भी काफी राहत प्रदान की है। हालांकि, शाम होते ही मौसम का मिजाज बदल रहा है और शाम 6 बजे के बाद से ही सर्दी का फिर से अपना असर दिखा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो-तीन दिन मौसम इसी तरह का बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों घने कोहरे, कोल्डवेव और भीषण सर्दी को देखते हुए जिला प्रशासन को कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित करना पड़ा था। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा पाले से फसलों को बचाने किसानों के लिए एडवाईजरी भी जारी की गई थी।

### बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| | |
|---|---|
| 08 जनवरी | 4.6 |
| 07 जनवरी | 4.5 |
| 06 जनवरी | 2.0 |
| 05 जनवरी | 5.8 |
| 04 जनवरी | 5.0 |
| 03 जनवरी | 8.2 |
| 02 जनवरी | 9.0 |

## हिंदू सम्मेलन के लिए निकाली जा रही प्रभात फेरी का पुष्प बिछा किया स्वागत

नागरिकों को प्रेरित करने के कर रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

आगामी 19जनवरी को आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर आम नागरिकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा वर्ग शामिल होकर भक्ति रस में रम रहें हैं। नगर के विभिन्न गली मोहल्लों धार्मिक स्थलों से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें हिन्दू जागृति , भजन कीर्तन करते हुए बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा निकल रहें जो बीच बीच में भगवान के जयकारे लगाते चलते हैं। इस कड़ी में गुरुवार प्रातः नगर के सबसे व्यस्ततम इंदर चौराहा से पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक धार्मिक भक्तों ने मुख्य रोड पर प्रभात फेरी के सदस्यों के लिए पुष्प बिछाकर आत्मिय स्वागत किया तथा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर चाय पीला कर स्वागत किया।



## 73 वर्ष की आयु में दुर्गाबाई नागर का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़



चंपी मोहल्ला निवासी केलाशचंद्र,रमेशचंद्र की भाभी जितेंद्र नागर(राजू) विधायक के निजी सचिव वा विजय नागर की माता दुर्गा बाई नागर का 73 वर्ष की आयु में निधन गुरुवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास चंपीमोहल्ला से 12 बजे निकाली गई जो स्थानीय मुक्तिधाम पहुंची जहां पर विधि विधान एवं मंत्र उपचार के साथ उनके जेस्ट पुत्र द्वारा मुखाग्नि दी गई। दुर्गाबाई अपने पीछे भरा पूरा परिवार नाती पंती शंती छोड़कर गई है। स्थानीय मुक्तिधाम परिसर में ब्राह्मण समाज सहित नगर के गणमान्य नागरिक मीडिया कर्मी व परिवार जनों रिश्तेदार नातेदार सहित उपस्थित नागरिकों द्वारा शोकसभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

## खबर संक्षेप

### खेलो एमपी के लिए अभ्यास मैच का शुभारंभ

**सीहोर।** आगामी दिनों में मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित होने वाली खेलो एमपी प्रतियोगिता के लिए शहर के चर्च मैदान पर अभ्यास मैचों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को ट्रायल का आयोजन किया गया था, जिसमें 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, अब अभ्यास प्रशिक्षण के पश्चात जिला स्तरीय टीम का गठन किया जाएगा। इसके लिए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने समिति का गठन किया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांश दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की शाम को प्रशिक्षण शिविर के साथ अभ्यास मैचों का आयोजन किया गया। पहला मैच सीहोर क्लब और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया। जिसमें सीहोर क्लब ने सीहोर बाइज को 2-1 से हराया। इस मैच में पहले हाफ तक सीहोर बाइज 1-0 तक आगे थी, लेकिन मैच समाप्ति से पहले सीहोर क्लब की ओर से रोहित ने लगातार दो गोल कर अपनी टीम को विजय बनाया। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से एक मात्र गोल इदान मिश्रा ने किया। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर ग्रीन और एमजी क्लब के मध्य खेला गया। एमजी क्लब ने कांटे की टक्कर में सीहोर ग्रीन को 1-0 से हराया।

### महासभा का पारिवारिक मिलन समारोह कल

**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर द्वारा आयोजित क्षत्रिय राजपूत समाज का पारिवारिक मिलन समारोह कल दिनांक 11 जनवरी 2026, दिन रविवार को स्थानीय कृष्णा सेलिब्रेशन गार्डन चाणक्यपुरी में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में आसपास के गांवों मे रहते वाले क्षत्रिय राजपूत परिवार सम्मलित होगें। मुख्य अतिथि के रूप मे उषा ठाकुर विधायक इंदौर, विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर, राज्यवर्धन सिंह पूर्व विधायक नरसिंहगढ़ एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, राजेन्द्र सिंह राजपूत पूर्व विधायक सहित अन्य उपस्थित होंगे।

### प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर अतिसक्रिय हुए विधायक, मंडलों की ली बैठक

# विधायक ने एसआईआर के कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्यों की दी जानकारी

भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त संगठन और उसका कार्यकर्ता है। संगठन की मजबूती से ही प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण किया जा सकता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रदेश भाजपा द्वारा समीक्षा बैठकों के बाद दिये गए निर्देशो पर आष्टा विधायक अतिसक्रिय हुए है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दो दिन में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल मैना, सिद्दीकगंज कोठरी, खाचरौद, जावर, डोडी मंडलो की बैठक ली एवं एसआईआर कार्यो की समीक्षा कर निर्देश दिये। समीक्षा बैठकों में पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर,सुनील आर्य,देवजी पटेल,शिव पाटीदार,नरेन्द्रसिंह ठाकुर,राकेश सिसोदिया के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने समीक्षा बैठकों को संबोधित कर सभी मंडलो में बूथ स्तर पर करने हेतु संगठन ने जो करणीय कार्य सौपे है,उन सभी कार्य को पूरी गम्भीरता से हमे करना है ।आयोजित मंडलो की कामकाजी बैठकों को संबोधित कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने एसआईआर के कार्यो की भी समीक्षा कर आगामी कार्यो की जानकारी दी। मंडलो की कामकाजी बैठकों में संगठनात्मक विषयों और आगामी करणीय कार्य एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त संगठन ओर उसका कार्यकर्ता है। संगठन की मजबूती से ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की आगामी कार्ययोजना जनसंपर्क,संगठन विस्तार तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर केंद्रित है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठकों में उपस्तिथ सभी बीएलए टू से एसआईआर के कार्य की जानकारी ली एवं आगामी कार्यो एवं पार्टी के निर्देशों से अवगत कराया गया। विधायक इंजीनियर ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय रहकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जनकल्याण और सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत इन उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता अभियान चलाकर कार्य में जुट जाएं। बैठकों में भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि,बूथ अध्यक्ष, बीएलए टू एवं सभी अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में भगतसिंह की प्रतिमा का अनावरण

### एबीवीपी के चेतस और विधायक रहे उपस्थित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा''पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए शहीद ए आजम भगतसिंह की शा. महाविद्यालय परिसर में लगी भव्य मूर्ति का अनावरण एक गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया, विशिष्ट अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,एवं अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनु गुणवान,भा.ज.पा. जिला महामंत्री तारा कटारिया,नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य रोहिताश्व कुमार शर्मा,द्वारा किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए। शुक्रवार को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय, आष्टा में भव्य आयोजन हुआ। महाविद्यालय परिसर में महान क्रांतिकारी व अमर शहीद भगत सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण व माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर सम्पूर्ण परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर शा.महाविद्यालय के प्राचार्य धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए हँसते-हँसते अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम आज भी हम सभी को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री चेतस जी सुखड़िया ने जलियांवाला बाग हत्याकांड का संक्षिप्त वर्णन करते हुए कहा कि नन्ही सी जान भगत सिंह ने यह सारा दृश्य देखा और इसके प्रतिशोध का संकल्प लिया था। साइमन कमीशन का विरोध करते हुए असेंबली में बम फेंका तथा कहा कि बहरों को सुनाने के लिए धमाकों की जरूरत होती है। मुख्य अतिथि ने अन्य सभी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख करते हुए भावी पीढ़ी से अपने देश को पुनः विश्वगुरु बनाने का आव्हान किया ।विशिष्ट अतिथि विधायक गोपाल सिंह जी इंजीनियर ने अपने मंचीय उद्बोधन में कहा कि भगतसिंह को देशप्रेम की भावना अपने परिवार से विरासत में मिली थी तथा मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में देश के लिए प्राणों को न्योछावर कर दिया। विधायक ने सभी विद्यार्थियों से देश भक्ति की भावना से राष्ट्र सेवा करने का आवाहन किया। अन्य आमंत्रित अतिथियों ने कहा कि विद्यार्थियों को भगत सिंह जी के विचारों एवं आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत एवं विचार प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सभी ने सराहा।कार्यक्रम में एबीवीपी के सदस्य गण, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी, एनसीसी, एनएसएस इकाई, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने भगत सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के साथ किया गया।

# मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप की बेलदार आयोग बनाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय बेलदार जन जागरण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हरीश कौशल प्रदेश कार्यालय भोपाल पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं कार्यालय मंत्री को पुष्प गुच्छ भेट कर सम्मान करते हुए ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया कि मध्य प्रदेश शासन में बेलदार आयोग बनाया जावे और भारतीय जनता पार्टी में भी बेलदार समाज के वरिष्ठों को स्थान दिया जावे। इस अवसर पर भारतीय बेलदार जागरण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हरीश कौशल, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शरण वाल्मीकि, संदीप कौशल, भारतीय बेलदार जन जागरण महासभा के जिला अध्यक्ष प्रमोद कौशल आदि ने सामूहिक रूप से स्वागत कर बेलदार आयोग बनाये जाने की मांग की।

### जेल में स्वरोजगार शिविर लगाकर महिला बंदियों को दिया फिनाईल व हैंडवाश बनाने का प्रशिक्षण



**सीहोर।** बेथेल फॉर रेफ्यूज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जेल विदिशा में स्वरोजगार शिविर लगाया गया। जहां महिला बंदियों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए संस्था की अध्यक्षा बूसी रोबी ने फिनाइल और हैंडवाश बनाने का प्रशिक्षण दिया। सभी महिलाओ ने बड़ी उत्सुकता के साथ इस प्रशिक्षण में शामिल होकर फिनाईल और हैंडवाश बनाना सीखा और भविष्य में इसे रोजगार के माध्यम के रूप में अपनाने के लिए अपनी इच्छा ज़ाहिर की। जेल सुपरिन्टेन्डेन्ट पी.डी.श्रीवास्तव की उपस्थिति में ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के सचिव रोबी मैथ्यू और सदस्य डॉ. अक्षय धन्यवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सही निर्णय और सच्ची श्रद्धा ही मोक्ष मार्ग को प्रशस्त करती है जिनवाणी ही जीवन को पार लगाने वाली नौका है: साध्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र, किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज ने अपने आशीर्वचन में धर्म,आराधना और आत्मकल्याण का सारगर्भित संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति मुक्ति के मार्ग पर चलकर भी भटक रहा है, तो उसमें मार्ग की नहीं बल्कि व्यक्ति के निर्णय की त्रुटि होती है। सही निर्णय और सच्ची श्रद्धा ही मोक्ष मार्ग को प्रशस्त करती है।जिनवाणी ही जीवन को पार लगाने वाली नौका है। मुनिराज ने अतिशय तीर्थ क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि अतिशय क्षेत्र को कभी नहीं भूलना चाहिए। आष्टा का दिव्योदय तीर्थ किला मंदिर भी कोई मामूली स्थान नहीं है, यहाँ पर अतिशयकारी आदिनाथ भगवान की दो प्रतिमाएं भू-गर्भ से प्राप्त हुई हैं तो दूसरी ओर पार्श्वनाथ बाबा की कृपा भी न केवल जैन समाज पर अपितु पूरे आष्टा पर बरस रही है।सभी लोग कैलाश पर्वत नहीं जा सकते, किंतु इसी पावन क्षेत्र में विधि-विधान पूर्वक अनुष्ठान एवं आराधना कर कैलाश पर्वत की तीर्थ यात्रा और मोक्ष मार्ग की अनुभूति प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि आगामी विधान में अत्यंत उत्साह और पूर्ण भाव के साथ सम्मिलित हों।मुनिश्री ने जानकारी दी कि 17 जनवरी को भगवान श्री आदिनाथ जी के निर्वाण कल्याणक के पावन अवसर पर विशेष विधान का आयोजन होगा। इस अवसर पर श्रद्धालु लाड्डू घर से बना कर लाएं और दीपक भी लेकर आए।सामूहिक रूप से विधान एवं आराधना में सहभागी बनें। मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज ने कहा कि धर्म में "हम दो, हमारे दो, बाकी को जाने दो" जैसी सोच काम नहीं आती। जिनवाणी में स्पष्ट कहा गया है कि धर्म और जिनवाणी को जीवन का आधार बनाना चाहिए।उन्होंने मार्मिक उदाहरण देते हुए कहा कि आज कई माताएं दो वक्त की रोटी के लिए जिनवाणी को छोड़ देती हैं,जबकि वास्तव में जिनवाणी को ग्रहण करने से ही जीवन को सच्चा संबल और दिशा मिलती है।अपने व्यक्तिगत जीवन का उल्लेख करते हुए मुनिराज ने बताया कि वर्ष 2017 में उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षा हेतु सांसारिक रूप में आशीर्वाद प्राप्त किया था। उस समय आचार्यश्री ने उन्हें निरंतर जाप करते रहने की प्रेरणा दी थी, जिसे वे आज भी नियमित रूप से करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने कर्मों को क्षीण करने का साधन खोज लिया है और उसी मार्ग पर निरंतर अग्रसर हैं। मुनिश्री ने आचार्य श्री तरुण सागर जी महाराज का स्मरण करते हुए कहा कि आष्टा आगमन के बाद उन्होंने पूरे विश्व में धर्म का डंका बजाया और जैन धर्म की प्रभावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया पूरे विश्व में क्रांतिकारी, कड़वे प्रवचन देने वाले संत के नाम से जाने लगे थे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि प्रतिदिन तीन बार सभी जीवों से "तस्य मिच्छामि दुक्कडम" कहकर क्षमा याचना करें। उन्होंने कहा कि भक्त भले ही कभी रूठ जाएं, लेकिन भगवान की भक्ति कभी नहीं छूटनी चाहिए। आज कई लोग बिना चमत्कार देखे नमस्कार भी नहीं करते, किंतु आदिनाथ भगवान की दोनों प्रतिमाओं ने इस अतिशय तीर्थ क्षेत्र में स्वयं चमत्कार प्रकट कर नगर को पुण्य लाभ दिया है। इसके प्रभाव से मंदिर की सभी प्रतिमाएं भी चमत्कारी हो गई हैं।मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे विधान एवं अनुष्ठान में बैठने का दृढ़ भाव बनाएं। जिनेन्द्र भगवान की आराधना से ही मुक्ति का मार्ग प्राप्त होता है। धर्म आराधना के पथ पर कभी पीछे न हटें और एकता के सूत्र में बंधकर जिन शासन की प्रभावना करें। यही सच्ची श्रद्धा और साधना का मार्ग है।

# होटल व्यापारी संघ का निर्णय दूरदर्शी, व्यापारियों को भविष्य के अचानक नुकसान से बचाने वाला कदम: प्रभात धाड़ीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नववर्ष के शुभ अवसर पर होटल व्यापारी संघ आष्टा द्वारा व्यापार हित में लिया गया सर्वसम्मत निर्णय नगर के व्यापारिक जगत में सराहना का विषय बन गया है।

संघ ने स्पष्ट निर्णय लिया है कि किसी भी प्रकार की घटना अथवा अपरिहार्य स्थिति में यदि कोई संस्था नगर बंद का आह्वान करती है, तो उसे होटल व्यापारी संघ को कम से कम 2 दिन पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगी। साथ ही होटल व्यापारी संघ को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए विश्वास में लेना आवश्यक रहेगा। होटल व्यापारी संघ के इस निर्णय को आल इंडिया व्यापारी संघ (AIVA) रजि. के डायरेक्टर श्री प्रभात धाड़ीवाल ने दूरदर्शी एवं व्यावहारिक बताते हुए इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। श्री धाड़ीवाल ने कहा कि इस प्रकार के निर्णय से व्यापारियों को अचानक होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकेगा और व्यापार में स्थिरता बनी रहेगी।

उन्होंने कहा कि आए दिन बिना पूर्व सूचना के बंद के आह्वान से होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। कच्चा माल खराब हो जाता है, कर्मचारियों की मजदूरी, बिजली-पानी सहित अन्य खर्च लगातार चलते रहते हैं। ऐसे में पूर्व सूचना की अनिवार्यता से व्यापारी समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं कर सकेंगे।

प्रभात धाड़ीवाल ने इसे आष्टा के व्यापार की नई दिशा और दशा तय करने वाला ऐतिहासिक व अनुकरणीय कदम बताया और कहा कि यदि अन्य राज्यो व नगरों के व्यापारी संगठन भी इस प्रकार का स्पष्ट और ठोस निर्णय लें, तो व्यापारी हितों की बेहतर रक्षा संभव हो सकेगी।होटल व्यापारी संघ आष्टा के पदाधिकारियों ने भी इस समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ का उद्देश्य किसी के अधिकारों का हनन नहीं, बल्कि व्यापार और समाज के बीच संतुलन बनाकर व्यापारियों को सुरक्षित भविष्य देना है।

श्री धाड़ीवाल ने होटल व्यापारी संघ के इस साहसिक निर्णय पर विश्वास जताया कि यह निर्णय आने वाले समय में आष्टा के व्यापार को नई मजबूती प्रदान करेगा।

### मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का किया आयोजन

# सभी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साह से लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका समापन 8 जनवरी को किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का षुभारम्भ किया गया। जिसमें प्रथम दिन प्रायमरी, द्धितीय दिन मिडिल व तृतिय दिन हायर कक्षाओ के खेल खिलवाये गये थे। खेलो में 50मी. रेस, 100 मी. रेस, स्पून रेस, चेयर रेस, फ्रोग रेस, थ्री लेग रेस, खो-खो, वॉलीबॉल, 200 मी. रेस, स्लो सायकल रेस, क्रिकेट व फुटबाल करवाई गई। सभी कक्षा के बच्चों ने खेलो में बढचढ कर भाग लिया। विद्यालय का उद्धेश्य खेल प्रतियोगिता करा कर बच्चो की प्रतिभा को आगे लाना है। बच्चो के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल बहुत ही महत्वपूर्ण है। सभी प्रतिभागीयों को सभी शिक्षको व शाला के मार्गदर्शक द्वारा बधाई दी व बच्चों के उज्जवल भविष्य की भी कामना की। प्रतियोगिता में उपस्थित संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक एस.एल. परमार, केएल. परमार, बीएस ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, नीता सक्सेना, ईषा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत, प्रतिभा तोमर, ईतिका चौहान आदि शिक्षक शिक्षक ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राज्य शिक्षक संघ ने सहायक संचालक का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राज्य शिक्षक संघ ब्लाक आष्टा द्वारा नवीन सहायक संचालक अधिकारी सलोनी शर्मा एवं उमेश राठौर का स्वागत कर राज्य शिक्षक संघ का वार्षिक कैलेण्डर भेट किया इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर ,मनीष सारसिया ,जीवन सिंह ठाकुर, नीना माथुर, कमलेश खत्री ,राजेंद्र सिंह ठाकुर ,मदन परमार, दीपक परमार, राजेन्द्र सिंह ठाकुर ,विजय सिंह जयसवाल,अके सिंह ठाकुर, गोपाल ठाकुर एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे उक्त जानकारी गोपाल ठाकुर ने दी।